Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding supply of surplus water from Tikri Minor canal of Suryu Nahar Pariyojana - Phase II to Aranga reservoir in Gonda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गौंडा): सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोण्डा में अरंगा, पर्वती और कोडर नाम के तीन प्राचीन प्राकृतिक जलाशय हैं, जो एक दूसरे से नाले के माध्यम से जुड़े हुए हैं तथा इनका क्षेत्रफल 6-7 हजार एकड़ में है । इन जलाशयों की वजह से उस क्षेत्र के भूजल का एक निश्चित स्तर बना रहता था, जिससे हजारों किसान अपने खेतों की सिंचाई करते थे ।

विगत कई वर्षों से लगातार बरसात कम होने के कारण जलाशय सूखने के कगार पर आ गए हैं, जिससे हजारों एकड़ के क्षेत्रफल में भूजल का स्तर बहुत नीचे चला गया है । और किसानों को सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गई है ।

मान्यवर, सरयू नहर परियोजना खण्ड-2 की एक नहर-टीकरी माईनर अरंगा जलाशय के करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित है । अगर इस नहर का अतिरिक्त जल अरंगा झील में छोड़ दिया जाये तो कुछ हद तक इन तीनों जलाशयों के जल का स्तर बना रहेगा, जिससे किसानों को खेतों की सिंचाई करने में काफी सुविधा प्रदान होगी ।